हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 28 मार्च 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 अफवाह का असरः पेट्रोल पंपों पर उमड़ रही भीड़...



07 आयुध निर्माणी में प्रमोशन की लंबित मांग पर उग्र...



## नर्मदापुरम में भूकंप तैयारी प्रशिक्षण आयोजित



**नर्मदापुरम।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन विभाग इकाई नर्मदापुरम के तत्वावधान में 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या महाविद्यालय में किया जा रहा है जो कि 28 मार्च तक जारी रहेगा। जिसमें प्रथम सत्र में शासकीय नियमित अधिकारियों को सम्मिलित किया गया तथा द्वितीय सत्र में कैडेट्स तथा होमगार्ड, सिविल डिफेंस एवं आपदा मित्र को सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में प्लाटून कमांडर शिवराज चौधरी द्वारा आपदा का परिचय भूकंप परिचय एवं इतिहास, प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित द्वारा भूकंप आने पर तात्कालिक कार्यवाही एवं शारीरिक बचाव, एवं टीम द्वारा ड्रेसिंग एवं लाइफ सेविंग कार्य तथा भूकंप आने के कारण, भू गर्भीय हलचल एवं संभावनाएं विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में प्लाटून कमांडर द्वारा सीपीआर देने के बारे में बताया गया। कार्यशाला में भूकंप में प्रभावित घायलों को इलाज हेतु फर्स्ट एड की जानकारी देने जिला चिकित्सालय से डॉ संभव जैन को आमंत्रित किया जिनके द्वारा रक्तस्राव को रोकने के उपाय एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई।

### दिल्ली कोर्ट के आदेश पर नकली पैकेजिंग और ट्रेडमार्क उल्लंघन के आरोप में स्टॉक जब्त

# इटारसी में 'महाखुश' पर रेड, 'महाकोष' से मिलते-जुलते ब्रांड पर कोर्ट सख्त


पतंजलि फूड्स लिमिटेड के 'महाकोष' ब्रांड की नकल कर 'महाखुश' नाम से तेल बेचने के आरोप में इटारसी में छापेमारी की गई। दिल्ली जिला न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने बड़ी मात्रा में स्टॉक जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

देश की प्रतिष्ठित खाद्य कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड के भरोसेमंद ब्रांड महाकोष महाकोष जैसे मिलते नाम वाले 'महाखुश' ब्रांड के खिलाफ कानून का डंडा चला है। दिल्ली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के सख्त आदेश के बाद मध्यप्रदेश के इटारसी में पुलिस और लोकल कमिश्नर ने छापेमारी कर नकली उत्पाद जब्त किए हैं।

### भ्रामक ब्रांडिंग का खेल

काफी समय से पतंजलि फूड्स लिमिटेड को




शिकायतें मिल रही थीं कि इटारसी स्थित चन्द्रभान सदनमल नामक फर्म द्वारा महाखुश नाम से खाद्य तेल बेचा जा रहा है। जांच में पाया गया कि महाखुश नाम बोलने और सुनने में महाकोष से काफी मिलता-जुलता है। महाखुश ब्रांड की पैकेजिंग, कलर स्कीम, फॉन्ट स्टाइल और पूरी बनावट असली महाकोष की तरह रखी गई थी।

### अदालत की सख्त कार्रवाई-रेड का विवरण

पतंजलि फूड्स लिमिटेड की ओर से नवकार एसोसिएट्स के अधिवक्ता नम्रता जैन और विजय सोनी ने दिल्ली के वाणिज्यिक न्यायालय में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने इसे ट्रेडमार्क एक्ट 1999 और कॉपीराइट एक्ट 1957 का प्रथम दृष्टया उल्लंघन माना। कोर्ट के आदेश पर 27 मार्च, शुक्रवार को इटारसी स्थित परिसर पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापा मारा। छापामार टीम का दावा है कि यहां बड़ी मात्रा में महाखुश ब्रांड का स्टॉक बरामद हुआ, जिसे तत्काल प्रभाव से सील कर कोर्ट की कस्टडी में ले लिया गया है।

**कानूनी पक्ष**

बौद्धिक संपदा का उल्लंघन न केवल कंपनी को वित्तीय नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह उपभोक्ताओं के विश्वास के साथ भी बड़ा धोखा है। कानून ऐसे आदतन अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। - विधिक विशेषज्ञ

**फर्म का पक्ष**

फर्म की ओर से विक्रम सिंघवानी ने कहा कि हमारा ब्रांड महाखुश के नाम से था, लेकिन इसे भी हम छह वर्ष पूर्व बंद कर चुके हैं। वहां से आयी टीम जांच कर रही है, कुछ पुराने पैकेट मिले हैं, यूनिट तो हमारी पहले से ही बंद है। इनको लगा था कि अब भी हम ये पैकिंग कर रहे हैं, उसके हिसाब से जांच के लिए आए हैं। जबकि हमारी यूनिट छह वर्ष पूर्व ही बंद हो चुकी है।

### पहले रुचि स्टार की भी की थी नकल

उल्लेखनीय है कि संबंधित फर्म चन्द्रभान सदनमल इस तरह की जालसाजी में पुरानी खिलाड़ी रही है। पूर्व में भी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने इस फर्म के खिलाफ कार्रवाई की थी, जब यह रुचि स्टार की नकल कर रिच स्टार नाम से तेल बेच रही थी।

### अब महाखुश बेचना होगा जेल का रास्ता

दिल्ली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के ताजा आदेश के बाद अब महाखुश नाम से तेल का निर्माण, भंडारण, बिक्री, वितरण या विज्ञापन पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि कोई दुकानदार या वितरक इस ब्रांड को बेचता पाया गया, तो वह कोर्ट की अवमानना का दोषी माना जाएगा।

### उपभोक्ताओं के लिए संदेश

यह कार्रवाई उनके लिए कड़ी चेतावनी है जो स्थापित ब्रांडों की साख का फायदा उठाकर जनता की सेहत और जेब से खिलवाड़ करते हैं। ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे सामान खरीदते समय ब्रांड की स्पेलिंग और होलोग्राम की जांच ध्यान से करें।

## अंगदान की मंजूरी में देरी ने एक और जान ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्वास्थ्य विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली और डॉक्टरों द्वारा समय पर कागजी कार्रवाई पूरी न करने का एक हृदय विदारक परिणाम सामने आया है। अंगदान की प्रक्रिया के लिए सरकारी अनुमति मिलने में हुई अत्यंत देरी के कारण एक मरीज निलेश राठी की इलाज के अभाव में मृत्यु हो गई। अब पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय और राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई है। अगस्त 2025 में निलेश राठी को पेट से जुड़ी गंभीर समस्या शुरू हुई थी। हैदराबाद के लिए किम्स हॉस्पिटल के डॉक्टर सचिन डागा ने परीक्षण के बाद बताया कि नीलेश का लिवर ट्रांसप्लांट ही एकमात्र विकल्प है लेकिन परिवार ने प्रक्रिया में बाधाये और लापरवाही के आरोप लगाते हुए बताया कि दस्तावेज के अनुसार परिवार ने अंगदान के लिए हर संभव प्रयास किया। निलेश के बेटे हार्दिक और पत्नी डॉक्टर सोनाली ने लीवर दान करने की पेशकश की। लेकिन जांच में उन्हें अनफिट घोषित कर दिया गया। अंत में निलेश के भतीजे विनायक राठी ने अपना लीवर देने का साहसिक निर्णय लिया। परिवार का आरोप है कि 25 फरवरी 2026 को जब से वह अनुमति के लिए तेलंगाना के डीमई ऑफिस पहुंचे तो अधिकारियों का व्यवहार अत्यंत संवेदनशील था। बीमार मरीज को घंटों पेड़ के नीचे इंतजार कराया और कार्यालय में बैठने तक की व्यवस्था नहीं दी गई अस्पताल के कोआर्डिनेटर योगेश और डॉक्टर सचिन डागा पर आरोप लगाया कि उन्होंने कथित तौर पर वेटिंग लिस्ट और फाइल को आगे बढ़ाने में टालमटोल की। 22 फरवरी तक डॉक्टर केवल आश्वासन देते रहे कि कल सब ठीक हो जाएगा लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी लगातार होती देर के कारण निलेश की स्थिति बिगड़ती गई 21 फरवरी 2026 को गंभीर स्थिति में इटारसी और फिर नागपुर के विवेक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। शरीर के अंगों ने काम करना बंद कर दिया और अंततः 24 फरवरी 2026 की रात को नीलेश ने अंतिम सांस ली। मृतक की मां मीना राठी, भाई नितेश राठी और पत्नी डॉक्टर सोनाली राठी ने इस पूरी घटना के लिए डॉक्टर सचिन डागा, कोऑर्डिनेटर योगेश और डीमई तेलंगाना के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। परिवार का कहना है कि यदि समय पर अनुमति मिल जाती तो निलेश आज जीवित होते। परिवार ने अपनी शिकायत की प्रतियां प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया नई दिल्ली स्वास्थ्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन स्वास्थ्य मंत्री तेलंगाना शासन को भेज कर मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो ताकि भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसी पीड़ा ना सहनी पड़े।

## पत्रकारों की सुरक्षा और जवाबदेही पर संसद में गूंजा सशक्त स्वर

### सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने उठाया अहम मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

होशंगाबाद-नरसिंहपुर क्षेत्र के तेज-तर्रार सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने शुक्रवार को संसद के शून्य काल के दौरान भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ-पत्रकारिता-से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे को मुखरता के साथ उठाया। उन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा, सामाजिक-आर्थिक सुदृढ़ीकरण तथा पत्रकारिता के नाम पर हो रहे दुरुपयोग-दोनों पहलुओं पर संतुलित और ठोस नीति की आवश्यकता पर जोर दिया। सांसद चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है, जो शासन और जनता के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करती है। यह वही शक्ति है जो सत्ता को जवाबदेह बनाती है और समाज को जागरूक करती है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जहाँ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को संस्थागत सुरक्षा और सुविधाएं प्राप्त हैं, वहीं पत्रकारों को अपेक्षित संरक्षण नहीं मिल पा रहा है। आज पत्रकार-विशेषकर फील्ड में कार्यरत-अनेक जोखिमों और असुरक्षाओं का सामना कर रहे हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने सरकार से प्रश्न किया कि क्या पत्रकारों की सुरक्षा एवं कल्याण के लिए एक व्यापक "पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण नीति" बनाने पर विचार किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि प्रस्तावित नीति में निम्नलिखित प्रावधान शामिल किए जाएं जिसमें कार्यस्थल, घर एवं फील्ड रिपोर्टिंग के दौरान समुचित सुरक्षा व्यवस्था, रेल यात्रा में 50% रियायत की पुनर्बहाली, पत्रकारों एवं उनके परिवार के लिए जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा, बच्चों के लिए शिक्षा सहायता,



आवास / प्लॉट आवंटन या सरकारी आवास सुविधा, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर टोल शुल्क में रियायत शामिल हैं। वहीं सांसद चौधरी ने अपने वक्तव्य में प्रभावी शब्दों में कहा "जब कलम सुरक्षित होगी, तब ही सच निर्भीक होकर सामने आएगा; और जब सच सामने आएगा, तभी लोकतंत्र और मजबूत होगा।" इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारिता की आड़ में हो रही ब्लैकमेलिंग और अनैतिक गतिविधियों पर भी चिंता जताई। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर एक पारदर्शी, जवाबदेह और सख्त तंत्र विकसित किया जाए, जिससे पत्रकारिता की गरिमा बनी रहे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा "कलम न झुके तो सत्ता सुधरती है, कलम बिक जाए तो लोकतंत्र कमजोर पड़ता है।" सांसद ने यह भी रेखांकित किया कि ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ पत्रकारों का संरक्षण जितना आवश्यक है, उतना ही जरूरी पत्रकारिता के नाम पर हो रहे दुरुपयोग पर कठोर नियंत्रण। अंत में उन्होंने सरकार से इस विषय पर शीघ्र ठोस कदम उठाने का आग्रह किया, ताकि लोकतंत्र और अधिक सशक्त हो सके तथा राष्ट्र प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहे।

## नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियां तेज, एक अप्रैल से सभी विद्यालय पूरी तरह तैयार रहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के सुचारू संचालन को लेकर जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन ने की, जिसमें प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक गुणवत्ता और विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। सीईओ जैन ने निर्देश दिए कि 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नए सत्र के लिए सभी विद्यालय पूर्ण रूप से तैयार रहें।

उन्होंने "प्रवेश उत्सव" को उत्साहपूर्वक मनाने के निर्देश देते हुए विद्यालयों में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, आकर्षक सजावट, रंगोली, पेंटिंग और सेल्फी पॉइंट बनाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में 19 मार्च से 30 जून तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में निबंध, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, पेयजल स्रोतों की सफाई और रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी गतिविधियों के आयोजन के निर्देश भी दिए गए। सीईओ ने पाठ्यपुस्तकों और साइकिलों के शीघ्र वितरण तथा उनकी ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कक्षा 9वीं और 11वीं के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए मई में विशेष कक्षाएं संचालित करने को कहा गया। संयुक्त संचालक मनीष वर्मा ने 1 अप्रैल से नियमित कक्षाएं प्रारंभ करने और उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला शिक्षा अधिकारी एलेन प्रजापति ने लंबित छात्रवृत्ति प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, शिक्षकों की 100 प्रतिशत ई-अटेंडेंस और प्रवेश प्रक्रिया को 31 मार्च तक पूर्ण करने पर जोर दिया।जिला परियोजना समन्वयक राजेश जायसवाल ने कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणामों में सुधार पर शिक्षकों को बधाई देते हुए आगामी सत्र में भी बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने का आह्वान किया।

## पचमढ़ी में सुरक्षित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं जिला प्रशासन द्वारा निरंतर नवाचार एवं विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित "महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना" के अंतर्गत इंडियन ग्रामीण सर्विसेस के माध्यम से संकुल पचमढ़ी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। एमपीटी होटल हाईलैंड, पचमढ़ी में आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता थाना प्रभारी पद्म सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ किया गया। तत्पश्चात इंडियन ग्रामीण सर्विसेस की परियोजना प्रबंधक रीना साहू द्वारा परियोजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सुरक्षित पर्यटन वातावरण विकसित किया जा रहा है। महिलाओं को रोजगार से जोड़ने एवं पर्यटन सुविधाओं के विस्तार पर दिया गया जोर कार्यशाला में प्रशिक्षित



महिलाओं एवं बालिकाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु होटल संचालकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

इसमें अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर पर्यटन स्थलों पर सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण निर्मित करने पर विशेष बल दिया गया, जिससे देश-विदेश से आने वाली महिला पर्यटक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। थाना प्रभारी पद्म सिंह ने अपने उद्बोधन में पचमढ़ी में महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक विशेष सुरक्षा समिति गठित करने की बात कही। वहीं होटल संघ पचमढ़ी के प्रतिनिधि आनंद कुमार एवं अन्य सदस्यों द्वारा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में विगत तीन वर्षों में किए गए प्रशिक्षण एवं रोजगार संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई।

साथ ही इंडियन ग्रामीण सर्विसेस के प्रतिनिधि महेश प्रजापति द्वारा फेडरेशन एवं टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर पचमढ़ी के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से पर्यटकों को होटल, जिप्सी, गाइड, रेस्टोरेंट, पुलिस एवं स्वास्थ्य सहायता सहित विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी पद्म सिंह, आनंद कुमार, दशमेश सिंह, विनय साहू, परवेंदर सिंह, अजय चोखड़ा सहित होटल संघ के सदस्य, एमपीटी होटल प्रबंधक, फेडरेशन एवं टीएफसी सदस्य तथा विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

### कदम-कदम पर हुआ आत्मीय स्वागत, जय श्रीराम के शहर के गूंज जयकारे

# नगर भ्रमण पर निकले प्रभु श्रीरामः भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। चांदी की पालकी में विराजित प्रभु श्रीराम के दर्शनों के लिए सड़कों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा सहित नगर की विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं ने शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया और भगवान की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

### प्रमुख आकर्षणः चांदी की पालकी और अखाड़ा प्रदर्शन

शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सातवीं लाइन की विशेष चांदी की पालकी रही। श्री राम जन्म महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन और संजय शिखर जैन के बीच समन्वय के पश्चात, इस पालकी में श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर के लड्डू गोपाल जी को विराजित कर नगर भ्रमण कराया गया। भक्ति के साथ शौर्य का प्रदर्शन करते





हुए नर्मदापुरम की हनुमान व्यायाम शाला और इटारसी की बजरंग व्यायामशाला के अखाड़ों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए, जो दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। रास्ते भर पूरी शोभायात्रा में जमकर आतिशबाजी की गई।

### इन स्थानों पर हुआ भव्य स्वागत

शोभायात्रा का नगर के विभिन्न चौराहों और संस्थाओं द्वारा पुष्पवर्षा व जलपान के साथ स्वागत किया गया।

**फल बाजार क्षेत्रः** श्री द्वारकाधीश राम जानकी मंदिर समिति प्रहलाद बंग, दिनेश सैनी, पूज्य सिंधी पंचायत, हन्नी छाबड़ा एवं प्रकाश मिश्रा।

**सराफा बाजारः** मूलचंद केशरी चंद सराफ कैलाश शर्मा, पूजा संतोष ज्वेलर्स संतोष सोनी, एवं बंदरिया वाला परिवार।

**चौराहा व लाइन क्षेत्रः** गांधी परिवार कमला पार्क, संस्कृत महाविद्यालय व्यापारी संघ, श्री इच्छापूर्ति गणेश मंदिर सन्नी छाबड़ा, सांवरिया हाउस नवमी लाइन एवं श्याम मराठा-पुलकित जैन।

**आजाद चौक व जय स्तंभः** श्री दुर्गा मंदिर समिति, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जसवीर छाबड़ा एवं संगत, धनराज कुशवाहा माली समाज एवं कीर्ति दुबे पहली लाइन।

**भक्तिमय वातावरणः** पूरी शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम के उद्घोष से आकाश गुंजायमान रहा। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने भी चल समारोह में सम्मिलित होकर प्रभु की आरती उतारी और नगरवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, श्रीराम जन्म महोत्सव समिति के संरक्षक प्रमोद पगारे, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, रमेश चांडक, जसवीर सिंह छाबड़ा, सतीश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, श्रीराम जन्म महोत्सव समिति के अध्यक्ष नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे, सचिव अभिषेक तिवारी, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सहकोषाध्यक्ष अमित सेठ, प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा, घनश्याम तिवारी, देवेंद्र पटेल, दिनेश सैनी सहित बड़ी संख्या में मंदिर समिति एवं श्री राम जन्म महोत्सव समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### अनामिका ने 85 प्रतिशत अंक लाकर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**माखननगर।** एकीकृत कन्या माध्यमिक शाला बागरा तवा कक्षा आठवीं का रिजल्ट आया है। अनामिका नायक पुत्री राकेश नायक ने 85 प्रतिशत अंक लाकर



शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्कूल परिवार के समस्त शाला सदस्यों एवं क्षेत्र वासियों ने अनामिका नायक की इस उपलब्धि पर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। शाला परिवार के वरिष्ठ सदस्य शिक्षिका वंदना दुबे, रतन चंदेल, बृजेश त्रिवेदी जन शिक्षक सहित शाला परिवार ने अनामिका नायक को बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना है।

## खबर संक्षेप



### प्राचीन राम मंदिर शाहपुर में मनाई रामनवमी

**शाहपुर।** लगभग 70 वर्षों से प्राचीन राम मंदिर में भगवान श्री राम का जन्म हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण में भगवान श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति दी गई। भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के पश्चात आरती एवं प्रसादी प्राप्त की। राममंदिर समिति के मुख्य पुजारी सुरेश परसाई द्वारा पूजन अर्चन विधि विधान के साथ कराया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष रोशन गुप्ता ने बताया कि शाम 5 भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस श्रीराम मंदिर पहुंचेगी। जहां पर बच्चों के द्वारा संस्कृत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

### दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 मार्च को फरियादिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी द्वारा उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गई है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली बैतूल में धारा 332(2), 64(1), 351(2) बीएनएस एवं धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सुमित उर्फ भूरा नरवरे पिता सोनू नरवरे, उम्र 18 वर्ष 4 माह, निवासी गणेश मंदिर के पास सदर बैतूल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उप निरीक्षक चित्रा कुमरे, प्रधान आरक्षक तरूण पटेल, आरक्षक नितिन चौहान, आरक्षक उज्जवल दुबे एवं आरक्षक सोनू सूर्यवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

### 1 अप्रैल से ई-टोकन से ही मिलेगा खाद

**बैतूल।** जायद मौसम को ध्यान में रखते हुए कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा समीक्षा की गई। बैठक में कृषि, उद्यानिकी एवं सिंचाई विभाग के जिला अधिकारी तथा मैदानी अमला उपस्थित रहा। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक 5981 ई-टोकन जारी किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से किसानों को 3448.59 मीट्रिक टन खाद वितरित किया गया है। उर्वरक वितरण में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए 1 अप्रैल 2026 से ई-टोकन के माध्यम से ही खाद वितरण अनिवार्य कर दिया गया है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विभागीय तैयारियों की विकासखंडवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को व्हाट्सएप एवं संदेश के माध्यम से लघु फिल्म के जरिए ई-टोकन जारी करने की प्रक्रिया समझाई जाए। साथ ही पटवारी, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, समिति प्रबंधक, डबल लॉक केंद्र प्रभारी, यूथ सर्वेयर एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं का सहयोग सुनिश्चित किया जाए। जिन किसानों के सभी सर्वे नंबर एग्रिस्टेक आईडी से लिंक नहीं हैं, उनके आवेदन ई-विकास प्रणाली के माध्यम से कराए जाएं।

### 5.99 सेकेंड की रफ्तार से छाए संतलाल धुर्वे

**भौंरा।** मां विजासन माई मेले के अंतर्गत आयोजित सामान्य बैलगाड़ी दौड़ का समापन हुआ। प्रतियोगिता में सैकड़ों बैलगाड़्यों की भागीदारी के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। प्रतियोगिता में ग्राम लापाझिरी निवासी संतलाल धुर्वे की बैल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 सेकेंड 99 पॉइंट में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और 11,000 का पुरस्कार हासिल किया। द्वितीय स्थान पर मौकामाल निवासी भजनलाल विश्वकर्मा की बैल जोड़ी रही, जिन्होंने 6 सेकेंड 11 पॉइंट का समय लिया। वहीं तृतीय स्थान ग्राम पचामा के कमलेश बारसे की बैल जोड़ी को मिला, जिन्होंने 6 सेकेंड 17 पॉइंट में दौड़ पूरी की।

---

बाइक-कार सहित वाहनों के टैंक फुल कराने से पैदा हो रहा क्राइसिस

# अफवाह का असर: पेट्रोल पंपों पर उमड़ रही भीड़, कई जगह स्टॉक हुआ खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अमेरिका- ईरान के बीच युद्ध लंबा खींचने का असर अब पेट्रोल डीजल की खपत पर साफ नजर आ रहा है। हालात यह है कि जो लोग पहले 200 रुपए का पेट्रोल लेते थे, वे अब टैंक फुल करा रहे हैं, वहीं किसान फसल कटाई और उपज बेचने की तैयारी के मद्देनजर कैन भर-भरकर डीजल ले जा रहे हैं। कैन में भरकर ईंधन ले जाने की होड़ इसी ओर इशारा कर रही है।

दरअसल सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलने के बाद लोग घबराहट में वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरवाने में जुट गये है। यहां तक कि कुछ लोग वाहनों के टैंक फुल करवाने के साथ-साथ अतिरिक्त पेट्रोल भी खरीदकर रख रहे है। यहीं वजह है कि जिले के के पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ रही है और पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। यहीं हाल एलपीजी गैस सिलेंडरों को लेकर भी बने है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वह अफवाहों पर ध्यान न दे। घबराये नहीं, जिले में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी गैस सिलेंडरों की किल्लत नहीं है। नियमित सप्लाई है और ईंधन का स्टॉक न करे। बैतूल के इटारसी रोड स्थित बसंत पेट्रोल पंप के संचालक बसंत वागद्रे ने बताया कि उनके इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। कंपनी से भी पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल मिल रहा है।



### खेती के लिए पड़ी रही डीजल की अधिक जरूरत

वर्तमान में रबी की फसल की कटाई का समय है। थ्रेशर और ट्रैक्टर चलाने के लिए भारी मात्रा में डीजल की आवश्यकता होती है। लेकिन किसानों को पर्याप्त डीजल नहीं मिल पा रहा है। ऑयल कंपनियों से सप्लाई की रफ्तार धीमी होने से मुलताई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल-पेट्रोल का स्टॉक कम पड़ गया है। वहीं दूसरी तरफ किसान दिनभर पंपों के चक्कर काट रहे, लेकिन उन्हें पर्याप्त डीजल-पेट्रोल नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें मायूस लौटना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि यदि एक-दो दिन यही स्थिति रही तो उनकी मेहनत की फसल खेतों में ही बर्बाद हो जाएगी। वहीं सूत्रों के अनुसार, कुछ लोग अफवाह का फायदा उठाकर डीजल का अवैध भंडारण (स्टॉक) भी कर रहे हैं।

### जिले में है 144 पेट्रोल पंप

जानकारी के अनुसार जिले में कुल 144 पेट्रोल पंप है। इसमें से सबसे ज्यादा 40 पेट्रोल पंप बैतूल विकासखंड में है। इसके अलावा घोड़ाडोंगरी में 16, मुलताई में 16, चिचोली 8, भीमपुर में 5, भैंसदेही में 11, प्रभातपट्टन में 9, शाहपुर में 6, आठनेर में 10 और आमला विकासखंड में 22 पेट्रोल पंप संचालित हैं। पंप संचालकों का कहना है कि टैंकर का ऑर्डर पहले ही दे दिया गया था, लेकिन आपूर्ति समय पर नहीं पहुंचने से स्थिति बिगड़ी। लोग डर में डीजल-पेट्रोल की खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सप्लाई में कमी नहीं है, अचानक बढ़ी भीड़ के कारण दबाव बना है। कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने स्टॉक बचाने और जमाखोरी रोकने के लिए नया नियम लागू कर दिया है। जिसके तहत निश्चित मात्रा में ही लोगों को डीजल-पेट्रोल दिया जा रहा है।

### खपत बढ़ी, स्टॉक खत्म होने के डर से कर रहे स्टॉक

अमेरिका- ईरान के बीच का असर जिले पर भी दिख रहा है। लोग अफवाहों के पीछे दौड़ रहे है। यहीं वजह है कि जिले में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी गैस सिलेंडरों की खपत बढ़ गई है। लोग डीजल और बाइक-कार के टैंक फुल कराने लगे। इससे क्राइसिस पैदा हो गया है। पंपों पर लंबी लाइनें लग गईं। इससे लोगों को इंतजार करने के बाद पेट्रोल-डीजल मिला है। जबकि प्रशासन का दावा है कि कहीं भी ईंधन की कमी नहीं है। स्टॉक पर्याप्त है। सप्लाई लगातार जारी है। इसके बाद भी लोग अफवाह के शिकार हो रहे है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि स्टॉक की कमी या नहीं मिलने, जैसी कोई स्थिति फिलहाल जिले में नहीं है।

### कई पेट्रोल पंपों पर लगी लंब कतारे

इन दिनों पेट्रोल और डीजल खासकर डीजल की खपत अधिक बढ़ गई है। जिसके पीछे एक कारण यह है कि वर्तमान में गेहूं कटाई और दावन का कार्य चल रहा है। मशीनों से यह कार्य किय जा रहा है। जिसके लिए डीजल की अधिक आवश्यकता पड़ रह है। इस वजह से डीजल की खपत में इजाफा देखा जा रहा है। जिससे कुछ स्थानों पर अस्थायी किल्लत महसूस हो रही है। हालांकि जिन पेट्रोल पंपों पर स्टॉक कम बचा है, वहां लगातार बढ़ती मांग और सीमित स्टॉक के कारण ग्राहकों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए सीमा तय की गई है। यदि यह सीमा नहीं लगाई जाती, तो पूरा स्टॉक कुछ ही समय में खत्म हो सकता है और अधिक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### अफवाहों से बढ़ी मांग, पंपों पर खत्म हुआ स्टॉक

**भौंरा।** नगर सहित आसपास के क्षेत्र में इन दिनों डीजल-पेट्रोल का अचानक संकट गहराता नजर आ रहा है। भौंरा के एकमात्र पेट्रोल पंप पर ईंधन लेने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां लोगों ने आवश्यकता से अधिक डीजल-पेट्रोल खरीदकर भंडारण शुरू कर दिया। भौंरा नेशनल हाईवे पर स्थित चार अन्य पेट्रोल पंपों सहित घोड़ाडोंगरी के पेट्रोल पंप पर भी ईंधन खत्म होने की जानकारी सामने आई है, जिससे पूरे क्षेत्र में आपूर्ति प्रभावित हो गई है। पंप संचालक मुकेश खंडेलवाल ने बताया कि पिछले तीन दिनों से डीजल-पेट्रोल के टैंकरों का ऑर्डर दिया जा चुका है, लेकिन अब तक आपूर्ति नहीं पहुंच पाई है, जिसके चलते यह स्थिति बनी है। इस संकट का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। किसानों की चिंता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि पिछले सप्ताह खराब मौसम के चलते वे पहले ही परेशान रहे हैं। अब डीजल की कमी के कारण कटाई का कार्य प्रभावित होने की आशंका है। स्थानीय लोगों और किसानों ने प्रशासन से शीघ्र ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि स्थिति सामान्य हो सके और कृषि कार्य बाधित न हों।

---

चेकिंग के दौरान पकड़ी कार

# गांजा तस्करी का भंडाफोड़ 2 आरोपी गिरफ्तार, 2.735 किलो गांजा और कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 735 ग्राम गांजा और एक कार जब्त की गई है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।



मिली जानकारी के अनुसार 26 मार्च को पुलिस चौकी सोनाघाटी क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध सफेद रंग की कार को रोकने पर चालक द्वारा वाहन तेज गति से भगाने का प्रयास किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रखे एक बैग से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। विधिवत तलाशी एवं पंचनामा कार्यवाही के दौरान कुल 2 किलो 735 ग्राम गांजा (कीमती लगभग 27,000) बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी मुकेश पिता सेकलाल जावरकर, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम कामिदा, थाना झल्लार एवं रामेश्वर पिता लालचंद विश्वकर्मा, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम कामिदा, थाना झल्लार के विरुद्ध थाना कोतवाली बैतूल में अपराध धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उप निरीक्षक उत्तमनंदन मस्तकार, उप निरीक्षक छत्रपाल धुर्वे, प्रधान आरक्षक दीवान सिंह, प्रधान आरक्षक शिवकुमार उइके, प्रधान आरक्षक तरुण पटेल, महिला प्रधान आरक्षक संध्या, आरक्षक अनिल बेलवंशी, आरक्षक अनिरुद्ध, आरक्षक नितिन की सराहनीय भूमिका रही।



### आगजनी की घटना में फसल जलकर हुई राख

**शाहपुर।** ग्राम सिलपटी में गेहूं के खेत में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही शाहपुर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग को काबू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिलपटी निवासी मोतीलाल सिरोरिया के यहां लगभग 2 से 5 एकड़, गजानंद के यहां एक एकड़, और तिलक सिरोरिया के यहां लगभग 6 एकड़ की फसल जलकर राख हो गई। तिलक सिरोरिया ने बताया कि पटवारी को फोन लगा रहे हैं। परंतु पटवारी का फोन बंद आ रहा है। शाहपुर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांगवानी फोफल्या में किसान के खेत में लगभग 50 एकड़ की फसल जलकर राख हो गई है।

---

एक पोकलेण्ड मशीन और डंपर जब्त

# आमला में अवैध उत्खनन पर खनिज राजस्व और पुलिस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आमला शैलेंद्र बड़ोनिया के नेतृत्व में खनिज, राजस्व व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से गुरूवार को तहसील आमला अंतर्गत ग्राम अम्बाडा स्थित स्टोन क्रेशर एवं आस-पास के क्षेत्रो का अकास्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम अम्बाडा स्थित निजी भूमि के अंश भाग पर पोकलेण्ड मशीन द्वारा खनिज बोल्डर/पत्थर का अवैध उत्खनन कर डम्पर क्रमांक एम0पी0 48 एच 0520 के द्वारा अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया गया।



मशीन/डम्पर चालाक द्वारा बताया गया कि उक्त उत्खनन/परिवहन कार्य स्टोन क्रेशर संचालक उपेन्द्र ऊर्फ भूरु सूर्यवंशी द्वारा कराया जा रहा है। मौके पर उपस्थित दल द्वारा उत्खनित क्षेत्र की माप की गई। माप अनुसार उत्खनित खनिज की मात्रा 14154 घ0मी आंकलित की गई। जांच अधिकारीयों द्वारा उक्त अवैध उत्खनन कार्य में संलिप्त मशीन डम्पर को जप्त कर पुलिस चौकी बोडखी थाना आमला की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। इसी प्रकार ग्राम अम्बाडा में मास्टर स्टोन क्रेशर के संचालक देवधर इंगले के पक्ष में स्वीकृत व अनुबंधित पत्थर उत्खनि पटटा की जांच के दौरान पटटाधारी द्वारा खदान में की गई ब्लास्टिंग से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत न किये जाने, पर्यावरण एवं खनिज नियमों का पालन न किये जाने संबंधी अनियमिताएँ पाई गई। उपरोक्तानुसार अवैध उत्खननकर्ता स्टोन क्रेशर संचालक उपेन्द्र ऊर्फ भूरू सूर्यवंशी के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18(2) के प्रावधानों के अंतर्गत जुर्माना राशि रु 21231000/- (दो करोड बारह लाख इक्तीस हजार रू) प्रस्तावित कर प्रकरण को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

---

### योग समिति के साधकों ने किया हवन-पूजन



**शाहपुर।** के विजय भवन में योग समिति के साधकों और सदस्यों द्वारा रामनवमी पर हवन-पूजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां समर्पित कर पुण्यार्जित किया। पूजा अर्चना के पश्चात आरती एवं प्रसाद का वितरण किया गया। हवन-पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनराज बेले ने पूर्ण सहयोग किया।

### स्वर्णप्राशन शिविर आज

**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा शनिवार 28 मार्च को जिले में स्वर्णप्राशन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी, जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग, आयुर्वेद औषधालय गर्ग कॉलोनी तथा आयुर्वेद औषधालय भैंसदेही में आयोजित होगा।

---

विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके रहीं मुख्य अतिथि

# काष्ठ लाभांश राशि से ग्राम खापा में टेंट सामग्री का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

वन मंडल उत्तर बैतूल के भौंरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत बीट सिंदूरघाट के ग्राम पंचायत खापा में काष्ठ लाभांश राशि से ग्राम विकास मद के तहत टेंट सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जिनके करकमलों से सामग्री वितरण संपन्न हुआ।

वन मंडल उत्तर बैतूल के भौंरा वन परिक्षेत्र की बीट सिंदूरघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत खापा में काष्ठ लाभांश राशि से ग्राम विकास मद के अंतर्गत टेंट सामग्री का वितरण घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह ऊईके जी के करकमलों से किया गया। काष्ठ लाभांश के अंतर्गत समस्त समिति सदस्यों के उपयोग हेतु टेंट सामग्री के क्रय का निर्णय वन सुरक्षा समिति के सदस्यों की आमसभा में लिया गया था। सामग्री वितरण उपरांत विधायक घोड़ाडोंगरी ने समस्त ग्राम वासियों को शुभकामनाएं देते हुए वन क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा एवं वनों की रक्षा के लिए प्रेरित किया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान ग्राम धारनमऊ की कोरकू लोकनृत्य चिटकोरा नृत्य मंडल द्वारा अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें उनके द्वारा जंगलों की रक्षा एवं जंगल में अग्नि सुरक्षा के गीत गाकर नृत्य किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी बृजेंद्र तिवारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष शारदा हरिराम यादव, परिक्षेत्र सहायक झापड़ी कमलेश चोहान, परिक्षेत्र साहायक भौंरा मूलशंकर परते, बीट प्रभारी भौंरा अमित मिश्रा, बीट प्रभारी मानसिंगपुरा मारुति पाल, बीट प्रभारी धार संजय यादव, बीट प्रभारी कछार सौरभ सिरोठिया, बीट प्रभारी कोयलबुद्दी कमल किशोर कुमरे, बीट प्रभारी झपड़ी मेघराज यादव, बीट प्रभारी धारनमऊ सुनील रघुवंशी एवं बीट प्रभारी खापा सतीश पिपले द्वारा सामग्री वितरित कार्यक्रम संपन्न कराया गया।



---

जय-जय श्रीराम के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा शहर

# धूमधाम से मनाई चैत्र नवरात्र की नवमी और भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिलेभर में चैत्र नवरात्रि और भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पर जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जिधर से भी शोभायात्रा निकलती, भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठता। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।

शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ मुख्य मार्गो से होकर निकाली गई। राम लला की अगवानी के लिए मार्ग को दुल्हन की तरह सजाया गया था। भगवा ध्वज व बैनर लगाए गए। वहीं नवमी को लेकर देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मंदिर में हवन पूजन किया गया। इसके साथ ही श्रीराम मंदिरों में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। कोठीबाजार स्थित बडा श्रीराम मंदिर, छोटा श्रीराम मंदिर, पुलिस लाइन टैगोर वार्ड स्थित मंदिर, सहित देवी मंदिरों में भी दिन भर पूजा अर्चना करने वालों की भीड़ लगी रही। कोठीबाजार स्थित प्रसिद्ध बडा श्रीराम मंदिर और छोटे श्रीराम मंदिर में सुबह से ही भक्तों ने पूजा अर्चना की। आरती में बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। माताजी को भोग लगाने के लिए महिलाओं ने विशेष पकवान बनाए थे, जिसका माता को भोग लगाने के पश्चात कन्या भोजन कराया।




### हुए भंडारे, पेयजल की व्यवस्था

रामभक्तों के लिए संगठनों और श्रद्धालुओं द्वारा शीतल पेयजल सहित खानपान की व्यवस्था की थी। वहीं मंदिरों में भी भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। जब राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी की शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से निकली तो श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इधर पुलिस व प्रशासन ने भी शोभायात्रा को लेकर व्यापक प्रबंध किए थे। ताकि शोभायात्रा के दौरान कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। इसके लिए शहर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

---

## रामनवमी पर योग, यज्ञ एवं गुरुदक्षिणा-समर्पण कार्यक्रम संपन्न

### रामनवमी पर गूंजे वैदिक मंत्र योग-यज्ञ से सराबोर और हुआ वातावरण

**बैतूल।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्य पर्व रामनवमी एवं योगऋषि प.पूज्य स्वामी रामदेव महाराज के संन्यास दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास, बैतूल के गंज स्थित जिला कार्यालय में योग, यज्ञ एवं गुरुदक्षिणा-समर्पण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।जिला समिति द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में नियमित योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान रहा। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी सुनील कुबड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि योगऋषि स्वामी जी महाराज ने वर्ष 1995 में रामनवमी के पावन अवसर पर मात्र 29 वर्ष की आयु में संन्यास दीक्षा ग्रहण की थी। इसी पावन अवसर पर पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रतिवर्ष रामनवमी को संन्यास दीक्षा महोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। जिसमें योग, यज्ञ एवं गुरुदक्षिणा- समर्पण कार्यक्रम जिले की सभी तहसीलों में भी आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित साधकों ने वैदिक ऋचाओं के सस्वर पाठ के बीच हवन-यज्ञ में श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित कीं। राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं निरंतर प्रगति की कामना के साथ सामूहिक आहुति दी गई, जिससे वातावरण में सकारात्मकता का संचार हुआ। पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी श्री हितेश पटेल जी तथा युवा भारत के सह जिला प्रभारी लोकेश वर्मा ने विधि-विधानपूर्वक यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। वहीं कोषाध्यक्ष श्री विनोद परिहार जी ने स्वामी जी के तप, त्याग एवं राष्ट्रसेवा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने नियमित योगाभ्यास, संस्कारित जीवनशैली अपनाने एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर योग शिक्षिका श्रीमती ज्योति देशमुख, तहसील प्रभारी संतोष तोमर, सुनील मेसरे, मिश्रीलाल डडोरे, नर्मदा प्रसाद साहू, श्रीकांत वर्मा सहित हनुमान मंदिर, गर्ग कॉलोनी के सभी योग साधक उपस्थित रहे।

### विजय भवन में निःशुल्क योग कक्षा प्रारंभ

मुख्य योग शिक्षक श्री हितेश पटेल ने बताया कि गंज स्थित विजय भवन में बीते एक सप्ताह से संचालित नियमित योग कक्षा का विधिवत शुभारंभ रामनवमी के दिन किया गया। अब प्रतिदिन कक्षा प्रातः 5.30 से 7.00 बजे तक निःशुल्क संचालित की जाएगी। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### हरनाम सिंह कसोटिया को दी श्रद्धांजलि

**सीहोर।** मंगलवार को स्व. हरनाम सिंह कसोटिया को श्रद्धांजलि अर्पित करने मध्य प्रदेश के जल संसाधन विभाग में मंत्री तुलसीराम सिलावट आराकश मोहल्ले स्थित उनके निवास पर पहुंचे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर व भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने भी अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। उपस्थितजनों ने श्री कसोटिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दुःख व्यक्त किया।

### 9 दिन बंद रहेगी कृषि उपज मंडी

**भैरुंदा।** आगामी त्योहारों, बैंक अवकाश और वार्षिक लेखाबंदी के चलते स्थानीय कृषि उपज मंडी में 26 मार्च से 3 अप्रैल तक लगातार 9 दिनों तक नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी समिति द्वारा जारी प्रेस नोट में इसकी जानकारी देते हुए किसानों और व्यापारियों को पूर्व में ही सतर्क रहने की सलाह दी गई है।प्रेस नोट के अनुसार 26 मार्च को दुर्गा अष्टमी, 27 मार्च को राम नवमी, 31 मार्च को महावीर जयंती, 2 अप्रैल को हनुमान जयंती तथा 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के अवसर पर अवकाश रहेगा। 28 मार्च को लेखाबंदी के कारण मंडी में नीलामी कार्य स्थगित रहेगा।

### न्यायालय के आदेश के बावजूद पदोन्नति में देरी से नाराज़ कर्मचारियों का प्रदर्शन

# आयुध निर्माणी में प्रमोशन की लंबित मांग पर उग्र आंदोलन, लंच का किया बहिष्कार

आयुध निर्माणी इटारसी में प्रमोशन प्रक्रिया लंबित होने से कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। लंच बहिष्कार के साथ कर्मचारियों ने प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए जल्द पदोन्नति शुरू करने की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आयुध निर्माणी इटारसी में पदोन्नति के लंबे इंतजार और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद मास्टर क्राफ्ट्समैन से चार्जमैन के पद पर प्रमोशन में हो रही देरी के विरोध में शुक्रवार को भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के आह्वान पर आयुध निर्माणी कर्मचारी संघ ने जोरदार प्रदर्शन किया।



**विरोध प्रदर्शन और लंच बहिष्कार**

आज 27 मार्च को निर्माणी परिसर में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। प्रशासन के ढुलमुल रवैये के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए कर्मचारियों ने दोपहर के भोजन (लंच) का पूर्ण बहिष्कार किया।

**प्रमोशन रुकने से चेन रिएक्शन का नुकसान**

कर्मचारियों की मुख्य चिंता यह है कि प्रमोशन की प्रक्रिया रुकने से पूरी पदानुक्रम व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

**एमसीएम से चार्जमैनः** न्यायालय के आदेश के महीनों बाद भी प्रशासन इस पद पर पदोन्नति नहीं कर रहा है।

**पदों का जाम होना :** चार्जमैन के पद नहीं भरने से मास्टर क्राफ्ट्समैन के पद खाली नहीं हो पा रहे हैं।

**अति कुशल-1 प्रभावितः** इसके परिणामस्वरूप उच्च कुशल-1 श्रेणी के कर्मचारियों की पदोन्नति भी रुकी हुई है।

आर्थिक क्षति : समय पर प्रमोशन न मिलने से कर्मचारियों को न केवल मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है, बल्कि उन्हें भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

**आज महानिदेशक के नाम देंगे ज्ञापन**

यूनियन ने अपने आंदोलन को और तेज करने की रूपरेखा तैयार कर ली है। शनिवार, 28 मार्च को आयुध निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक के माध्यम से महानिदेशक कोलकाता को एक विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। इस ज्ञापन में न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए तत्काल प्रभाव से पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की जाएगी। इस आंदोलन के दौरान बीपीएमएस के जेसीएम सदस्य अमित बाजपेई, यूनियन अध्यक्ष कुलदीप चौधरी, महामंत्री श्रीकृष्ण शर्मा, जेसीएम राजेश रोशन सहित सत्येंद्र शाक्य, अतुल सिंह, दीपेश यादव, अजीत पटेल, जय नारायण विश्वकर्मा, हमीर सिंह राकेश कुमार, रविंद्र मालवीय, अनंत ज्योतिष, दिनेश सैनी, ललित यादव, रमेश कुमार, अजय, विक्रम वर्मा , सुरेश सुरंगे, कालिदास, दिनेश यादव, किसांत, संदीप गौर, प्रभास कुमार, आल्हा वर्मा, जोधराज पारित, जितेंद्र नागर, विपुल निनामा, सौरभ साहू, सचिन श्रीवास्तव ,रामू सिंह, सेवक राम साहू एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ज्वाला देवी परिसर में रखे जवारे, आज होंगे विसर्जित







हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पंडित माखनलाल चतुर्वेदी सभागार भवन के पास ज्वाला देवी परिसर में चैत्र नवरात्रि में 251 घट की स्थापना कर जवारे रखे है। इसी परिसर में माता महाकाली की प्रतिमा विराजित की है। शुक्रवार को हवन होने के पश्चात जवारे विसर्जित किए जाएंगे प्रतिदिन नगर वासी श्रद्धा से भजन आरती में शामिल होकर दर्शन कर धर्म लाभ ले रहे हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम किया संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर

मप्र जन अभियान परिषद माखन नगर सेक्टर क्रं. 2 गनेरा के अंतर्गत ग्राम बछवाड़ा में आज श्री रामनवमी एवं जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि कमलेश अहिरवार उपस्थित रहे।

संजय अहिरवार, राकेश अहिरवार और सीएमसीएलडीपी के छात्र गणेश अहिरवार ऋषभ दुबे सौरभ अहिरवार ग्राम के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

मंच संचालन सीएमसीएलडीपी के छात्र गणेश अहिरवार ने किया कार्यक्रम का आभार कमलेश अहिरवार ने किया कार्यक्रम का आभार सीएमसीएलडीपी यूके छात्र गणेश अहिरवार ने माना।

# जनपद पंचायत में संकल्प से समाधान कार्यक्रम आयोजित, अनेक हितग्राहियों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत परिसर में 'संकल्प से समाधान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ठाकुरदास नागवंशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष परते, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद सदस्य कमला बाई रघुवंशी, प्रबल अरजरिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी आरपी नायक, पार्षद नरेंद्र पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय पाराशर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका परिषद क्षेत्र से लगभग 8000 तथा जनपद पंचायत क्षेत्र से करीब 7000 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अतिथियों ने लगभग एक दर्जन हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया। साथ ही 5 हितग्राहियों को संबल योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपये के चेक वितरित किए गए तथा अनेक लोगों को विभिन्न योजनाओं के प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने अपने संबोधन में बताया कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा 106 योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाना है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आरपी नायक ने जानकारी दी कि 'संकल्प से समाधान' अभियान का शुभारंभ 12 फरवरी से किया गया है, जो 31 मार्च तक चलेगा। उन्होंने बताया कि जो लोग अब तक आवेदन जमा नहीं कर पाए हैं, वे अभी भी अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।कार्यक्रम के अंत में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।



# पचमढ़ी के अधिकारियों ने खेल जगत में गाड़े झंडे, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंतर्विश्वविद्यालयीन शिक्षक एवं कर्मचारी खेल प्रतियोगिता में राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय, पचमढ़ी के अधिकारियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी और लाइब्रेरियन ने बैडमिंटन स्पर्धा में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

**सागर में हुआ भव्य आयोजन**

सत्र 2025-26 के खेल कैलेंडर के अनुसार, यह प्रतियोगिता 24 से 26 मार्च तक शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय, सागर में आयोजित की गई। इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश के सभी संभागों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।




**उपलब्धियों की झड़ी**

प्रतियोगिता में पचमढ़ी महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश पटेल एवं लाइब्रेरियन दीपाली जैन ने भोपाल संभाग की ओर से खेलते हुएः बैडमिंटन स्पर्धाः गोल्ड मेडल (स्वर्ण पदक) प्राप्त किया। ओपन महिला युगलः सिल्वर मेडल (रजत पदक) हासिल किया। इन व्यक्तिगत उपलब्धियों के साथ-साथ, भोपाल संभाग ने शानदार खेल दिखाते हुए पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में 'ओवरऑल चैंपियनशिप' का खिताब भी अपने नाम किया।

**विजेताओं का सम्मान**

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन, विशिष्ट अतिथि महापौर संगीता सुशील तिवारी और प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने विजेताओं को शील्ड, प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एमपी को कृषि सहित अन्य क्षेत्रों में बना रहे आत्मनिर्भर प्रदेशः जसपाल सिंह

**सीहोर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, सीहोर नगर पालिका एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर डॉ. मोहन यादव को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तो वहीं उन्हें राधा-कृष्ण की प्रतिमा भी भेंट की। वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अरोरा ने इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के दीर्घायु और शतायु होने की बाबा महाकाल से कामना भी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जहां कृषि के क्षेत्र में कई नए प्रयोग किए जा रहे हैं तो वहीं उद्योग के क्षेत्र में भी लागतार आगे बढ़ा रहे हैं।



यही कारण है कि मध्यप्रदेश में कई बड़े-बड़े उद्योगपति निवेश कर रहे हैं। डॉ मोहन यादव ने नेतृत्व में मध्यप्रदेश के धार्मिक स्थलों का भी कायाकल्प कराया जा रहा है। मध्यप्रदेश का नाम अब देश के क्षितिज पर प्रमुख राज्यों में शुमार हो गया है।

भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्यप्रदेश को लगातार एक सशक्त और हर क्षेत्र में पूरी तरह से आत्मनिर्भर राज्य बनाने में जुटे हुए हैं। श्री अरोरा ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश का नाम विश्व पटल पर प्रमुख रूप से आने लगा है, तो वहीं अब मध्यप्रदेश भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है।

# 'जय श्रीराम' के जयकारे से गूंजी सोहागपुर की गली-गली

## हर्ष, उल्लास व अति आनंद के साथ मनाया श्री रामनवमी पर्व, नाचते झूमते रहे श्रद्धालुगण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जन आराध्य प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव पर्व रामनवमीं शुक्रवार को सोहागपुर क्षेत्र में हर्ष, उल्लास व अति आनंद के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिव्य एवं भव्य शोभायात्रा सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय पर निकाली गई, जिसमें हजारों रामभक्त सम्मिलित हुए। श्रीराम जन्मोत्सव समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार के पूर्व ही शहर के सभी क्षेत्रों, अंदरूनी मार्गो एवं मुख्य मार्ग की सजावट की जा चुकी थी। शोभायात्रा के समूचे मार्गो को सुंदर एवं भव्य रूप के साथ सजाया गया। वहीं शुक्रवार की शाम पांच बजे के बाद नर्मदापुरम मार्ग स्थित शिव पार्वती मंदिर से रामनवमीं की मुख्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। इस शोभायात्रा में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की शोभायात्राएं भी जुड़ीं। मुख्य शोभायात्रा रामगंज वार्ड, मातापुरा वार्ड क्षेत्र भ्रमण करते हुए बिहारी चौक पहुंची। जहां शहर के अन्य भागों तथा समीप के ग्रामीण क्षेत्रों से आई शोभायात्राएं भी पहुंची। बिहारी चौक से शोभायात्रा का भव्य एकात्म रूप आगे बढ़ा। श्रीराम जन्मोत्सव समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार शोभायात्रा कमानिया गेट से होते हुए श्रीराम चौक पहुंची, जहां शानदार आतिशबाजी की गई। यहां से शोभायात्रा पलकमती नदी पुल होते हुए सिविल कोर्ट चौराहा पहुंची। जहां सुंदर सजे मंच पर इस वर्ष की शोभायात्रा का विश्राम हुआ। इस दौरान प्रभु श्रीराम का पूजन कर हनुमान चालीसा पाठ उपस्थित हजारों रामभक्तों ने एक स्वर में किया। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।





**जगह-जगह किया स्वागत**

श्रीराम जन्मोत्सव समिति की इस एकात्म शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने अभिनंदन किया। जल, शरबत, मिष्ठान व फलाहारी खाद्य पदार्थों के साथ श्रीराम भक्तों का मुस्लिम समाज सोहागपुर, व्यापारी संघ सोहागपुर, डीजे संगठन, सराफा व्यापारी, जैन समाज सोहागपुर, भारतीय जनता पार्टी, सिंधी समाज, कुशवाहा समाज, सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व छात्र संघ सहित विविध अन्य संगठनों ने भव्य शोभायात्रा का अभूतपूर्व अभिनंदन किया। रात्रि लगभग नौ बजे के बाद स्टेट बैंक शाखा के ठीक सामने भव्य मंच पर हनुमान चालीसा के पाठ व प्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, एसडीओपी संजू चौहान, थाना प्रभारी राहुल रायकवार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शोभायात्रा के साथ उपस्थित रहे। जिनके प्रति श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने आभार व्यक्त किया है।

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में वार्षिक उत्सव आयोजित

**सीहोर।** सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में वार्षिक उत्सव के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा, अरूणा राय और सुदीप प्रजापति ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।
कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ शर्मा ने कहा कि "आसक्ति दुख का कारण है। हमें किसी से कोई अपेक्षा नहीं रखना चाहिए, बल्कि हमेशा देने की भावना रखनी चाहिए।" उन्होंने छात्रों को जीवन में सकारात्मक सोच एवं निस्वार्थ भाव अपनाने के लिए प्रेरित किया। अरुणा राय ने विद्यार्थियों से आवाहन किया कि वे शिक्षा को गंभीरता से ग्रहण करें और अपने ज्ञान एवं कौशल के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें।

## प्रशासन सख्तः मामला दर्ज कराने जनपद सीईओ को भेजा प्रतिवेदन

# 13 किसानों पर 55 हजार का जुर्माना, प्रकरण दर्ज कराने भेजी सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

रबी फसल की कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की बढ़ती घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिला कलेक्टर बाला गुरु के के निर्देश पर तहसील भैरूंदा क्षेत्र में 13 किसानों पर कुल 55 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। इसके साथ ही संबंधित किसानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जनपद पंचायत सीईओ को उनकी सूची भेजी गई है, ताकि प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। वहीं ग्राम अतरालिया के एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भी मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

तहसील कार्यालय से जारी जानकारी के अनुसार नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद कई किसान गेहूं की कटाई के बाद खेतों में आग लगाकर फसल अवशेष नष्ट कर रहे हैं। यह न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि आसपास के खेतों, खड़ी फसलों और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। ग्रामीणों से मिली शिकायतों के आधार पर तहसीलदार सौरभ शर्मा एवं राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पंचनामा तैयार किया। जांच के दौरान सीगांव, हालियाखेड़ी, मंडी, नीमाखेड़ी और पांगरी गांवों के कुल 13 किसानों को दोषी पाया गया। इसके आधार पर 2500 से 5000 रुपए तक का जुर्माना लगाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों ने अधिक क्षेत्र में नरवाई जलाई या लापरवाही बरती, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के तहत सीगांव निवासी शैतान सिंह पर 5 हजार रुपए, हालियाखेड़ी की प्रेमबाई पर 2500 रुपए तथा मूलचंद पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। इसी प्रकार मंडी गांव के आत्माराम और रावत सिंह पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। नीमाखेड़ी में मिश्रीलाल, मनोज और बैजन्तीबाई पर 5-5 हजार रुपए तथा ललताबाई पर 2500 रुपए का दंड अधिरोपित किया गया। वहीं पांगरी गांव में चार किसानों पर कुल 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया, जिसमें रावल्या पर 5 हजार रुपए तथा काशी राम, नकल सिंह और लक्ष्मण सिंह पर 2500-2500 रुपए का अर्थदंड शामिल है।



यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब क्षेत्र में नरवाई की आग के कारण कई किसानों की खड़ी और कटी फसलें जलकर नष्ट हो चुकी हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्रशासन का मानना है कि किसान अगली फसल, विशेषकर मूंग की बुवाई के लिए जल्दबाजी में नरवाई जला रहे हैं, लेकिन यह तरीका दीर्घकाल में नुकसानदायक साबित हो रहा है। प्रशासन के अनुसार नरवाई जलाने से निकलने वाली जहरीली गैसें वातावरण को प्रदूषित करती हैं और मिट्टी की उर्वरता को भी प्रभावित करती हैं। इससे भूमि की गुणवत्ता घटती है और भविष्य की फसलों पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाएं और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि भविष्य में यदि नरवाई जलाने की घटनाएं सामने आती हैं, तो और अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थान से सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### वृद्धाश्रम वृहद विधिक आउटरीच शिविर आज

**हरदा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में 28 मार्च को वृद्धाश्रम हरदा में एक दिवसीय वृहद् विधिक आउटरीच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में संबंधित शासकीय विभागों जैसे श्रम, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पुलिस द्वारा उपस्थित आमजन को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जावेगी। शिविर का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से हाशिए पर स्थित आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सेवाओं की उपलब्धता, विभिन्न शासकीय और नालसा योजनाओं से अवगत कराना है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा चन्द्रशेखर राठौर ने सभी आमजनों व वृद्धजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

### पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के उद्देश्य से खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों के गोदामों, होटलों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। आष्टा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मृगी अग्रवाल ने आष्टा के जिओ फिलिंग, परमार फिलिंग, प्रज्ञा फ्यूल्स, मेहर फिलिंग सहित अनेक पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध पाया गया। इसके साथ ही कोठरी में निरीक्षण के दौरान एक रेस्टोरेंट पर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक दुरुपयोग पाए जाने पर घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया है। मृगी अग्रवाल ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा निरंतर पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की निगरानी की जा रही है तथा वर्तमान में आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कोई बाधा नहीं है।

### जब तक किसान फसल विक्रय न कर दे, बिजली विभाग न करे वसूली: राजीव

**सीहोर।** सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने बयान जारी कर बताया कि सीहोर में बिजली विभाग द्वारा हिटलरशाही रवैया अपनाते हुए किसानों के ट्रैक्टर, गाडिय़ां घरों से उठाई जा रही हैं, कुर्की की कार्रवाई हो रही है और जिले की प्रभारी मंत्री को इसकी जानकारी ही नहीं। गुरुवार को मण्डी नवीन सब स्टेशन का उद्घाटन करने आई सीहोर जिला प्रभारी कृष्णा गौर के द्वारा जब पत्रकार बन्धुओं द्वारा पुछा गया कि बिजली विभाग द्वारा किसानों के ट्रैक्टर, गाडिय़ां घरों से उठाई जा रही हैं, कुर्की की कार्रवाई हो रही है, तब प्रभारी मंत्री ने अनभिज्ञता जाहीर की, जानकारी लेती हूं। गुजराती ने कहा कि बिजली विभाग की कार्यवाही की जानकारी 72 घण्टों से मीडिया व सौशल मीडिया पर आ रही है और हैरानी की बात है।

# होटल व दुकानों से दाल, मिठाई और तेल के सैंपल लिए



## मिलावटखोरी के विरुद्ध प्रदेशव्यापी अभियान के तहत कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मिलावटखोरी के विरुद्ध प्रदेशव्यापी अभियान के तहत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को हरदा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक निरीक्षण और सैंपलिंग की कार्रवाई की है।

इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने होटल बागवान से बनी हुई तुअर दाल व ग्रेव्री, पुरोहित स्वीट्स से श्रीखंड व बेसन लड्डू, जलाराम इंडस्ट्रियल एरिया से तेल का सैंपल, राजस्थान मिष्ठान भंडार से मावा पेड़ा तथा श्री राम ऑयल इंडस्ट्रीज से 2 सोयाबीन तेल के सैंपल लेकर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्यवाही की जाएगी। श्री कांबले ने बताया कि इसके साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से इन दुकानों से मावा कतली, मावा पेड़ा, मलाई पेड़ा, केसर पेड़ा, मिल्क केक, सोया तेल, पनीर, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, बटर, श्रीखंड, काजू कतली, लस्सी, रसमलाई एवं सोयाबीन तेल के सैंपल लिए गए। कार्यवाही के दौरान एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, नायब तहसीलदार हिमांशु परते, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, केमिस्ट हेमंत कीर के साथ सहायक ब्रजेश पटेल उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा अस्पताल पहुंचे

# शादी के समारोह में 1200 रिश्तेदारों को भोज अचानक 200 लोगों की तबीयत बिगड़ गई

पेट दर्द और उल्टी-दस्त से पीड़ित करीब 120 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि 50 का गांव में ही किया उपचार







हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

तहसील क्षेत्र के गांव बावड़ियां नोआबाद में बुधवार को आयोजित एक शादी समारोह में उस समय अफरा - तफरी मच गई, जब भोजन करने के बाद लोगों की तबीयत खराब होने लगी। देर रात बड़ी संख्या में लोगों को पेट दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर वह इछावर सिविल अस्पताल पहुंचने लगे। इस दौरान फ़ूड प्वाइजनिंग से प्रभावित करीब 120 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अचानक इतनी बड़ी संख्या में लोगों को फ़ूड प्वाइजनिंग होने की सूचना अस्पताल प्रबंधन ने जिला स्वास्थ्य विभाग को दी। तत्काल हरक़त में आए स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल से दो डॉक्टर सहित नर्सिंग स्टाफ की एक टीम अस्पताल भेजी। साथ ही एक टीम को गांव रवाना किया गया। जहां मरीजों का उपचार किया गया। फ़ूड प्वाइजनिंग से बच्चे, महिला और बुजुर्ग अधिक प्रभावित हुए हैं। फिलहाल मरीजों की हालत सामान्य बताई जा रही है जबकि अधिकांश मरीजों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार गांव बावड़ियां नोआबाद में राधेश्याम मेवाड़ा के पुत्र अनमोल का बुधवार शाम को विवाह समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें ग्रामीण सहित करीब 1200 रिश्तेदारों ने भोजन किया था, लेकिन इस दौरान देर रात बड़ी संख्या में लोगों को अचानक से पेट दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। इसके बाद वह इलाज कराने के लिए इछावर सिविल अस्पताल सहित इधर उधर निजी क्लिनिकों में पहुंचने लगे। फ़ूड प्वाइजनिंग के मरीजों की अचानक बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग एवं एसडीएम को घटना की सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही प्रशासन हरकत में आया और इस दौरान अस्पताल में दो वार्ड फ़ूड प्वाइजनिंग के मरीजों के लिए आरक्षित करते हुए 60 से अधिक मरीजों को भर्ती किया गया। जिला अस्पताल से 2 डॉक्टर , पेरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ की एक टीम अस्पताल भेजी गई । जबकि सीएचओ ( सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ) , एएनएम ओर आशा कार्यकर्ताओं की एक टीम को गांव में तैनात की गई । टीम ने गांव में ही करीब 50 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया। जिसके चलते स्थिति नियंत्रण में हो पाई। 50 से अधिक मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद गुरुवार को घर भेज दिया गया है। जबकि 2 बुजुर्ग मरीजों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जहां उनकी हालत भी सामान्य बताई जा रही है अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार फ़ूड प्वाइजनिंग से बच्चे, महिला और बुजुर्ग अधिक प्रभावित हुए हैं।

### सैंपल जांच के लिए भेजे

घटना की सूचना मिलने पर फ़ूड इंस्पेक्टर दीपाली कांगे मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर ने समारोह में बनी भोजन सामग्री के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए लेबोरेटरी भेजें है। इंस्पेक्टर दीपाली कांगे ने बताया कि भोजन में प्रयुक्त मशालें, मावा, दही, तेल आदि खरीदी के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### मरीजों की स्थिति सामान्य

घटना फ़ूड प्वाइजनिंग की है। इससे प्रभावित करीब 120 मरीज अपना इलाज कराने अस्पताल आए थे , इनमें से अधिकांश को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। दो बुजुर्ग मरीजों की हालत गंभीर थी इसके चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया । स्वास्थ्य अमले की एक टीम रात को ही गांव भेजी गई थी, जहां फ़ूड प्वाइजनिंग से प्रभावित करीब 50 मरीजों का उपचार किया गया। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

**डॉ. अंकित चांडक,** सीबीएमओ इछावर

## परिसर में धार्मिक वातावरण बना

# मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा फहराई, पूजन-अर्चन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

इंदौर रोड स्थित 1008 श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर (हरसूद वाला) में शुक्रवार को भगवान पारसनाथ की प्राचीन प्रतिमा के सानिध्य में मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा फहराई गई। इस आयोजन ने पूरे मंदिर परिसर को धार्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया।

ध्वजारोहण से पूर्व मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया, जिसे पुजारी मनोज जैन ने संपन्न कराया। मंदिर समिति के सचिव सचिन सिंघई के अनुसार, सुबह शास्त्रोक्त विधि से ध्वज की शुद्धि की गई। पूजन के बाद मंदिर के मुख्य शिखर और चारों दिशाओं में विधिवत ध्वजारोहण किया गया। मुख्य शिखर पर धातु ध्वज फहराने का सौभाग्य पंडित प्रदीप जैन (शिक्षक) परिवार को मिला, जबकि जैन धर्म की पताका योगेश जैन (अमरावती) ने फहराई। चारों दिशाओं में ध्वजा फहराने का अवसर राजीव-रविंद्र जैन परिवार, छविंद्र-भूपेंद्र जैन परिवार, पंडित मनोज जैन परिवार और वीरेन्द्र जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के बाद पंडित प्रदीप जैन के सौजन्य से श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जैन धर्म में मंदिर के शिखर पर ध्वजा फहराने का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि दूर से ध्वजा के दर्शन कर 'नमो जिणाणं' कहकर प्रणाम करने से भगवान के दर्शन का पुण्य फल मिलता है। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। इनमें योगेश जैन, पंकज रपरिया, छविंद्र बजाज, राजीव जैन, मनोज जैन, प्रदीप जैन, आयुष बजाज, मीना कठनेरा, शशि जैन, प्रियंका जैन, भावना बजाज और संगीता बकेबरिया सहित अन्य समाजजन शामिल रहे।

## दिव्यांगों की मदद और आरपीडब्ल्यूडी एक्ट पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# दिव्यांगों को कभी अहसास नहीं होने दें कि वे अक्षम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा गत दिवस जिला जेल हरदा में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेल स्टाफ और उपस्थित जनों को आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 के प्रावधानों से अवगत कराना और दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना था।

प्रशिक्षण के दौरान विभागीय विशेषज्ञों ने बताया कि यदि जेल में कोई मानसिक या शारीरिक रूप से दिव्यांग बंदी आता है, तो उसके साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। प्रशिक्षकों ने इस बात पर जोर दिया कि दिव्यांगों को कभी यह अहसास नहीं होने देना चाहिए कि वे अक्षम हैं। मानवता के नाते उनकी हर संभव मदद करना हमारा सर्वोपरि कर्तव्य है। प्रशिक्षण में बताया गया कि बाहर कही भी अगर आपको दिव्यांग निशक्त व्यक्ति दिखे तो थोड़ी सी मदद जरूर करें। आपका अच्छा कार्य किसी के मुस्कान का कारण बन सकता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 को बताना था। प्रशिक्षण में आरपीडब्ल्यूडी एक्ट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# गढ़ीपुरा स्थित पट्टाभिराम मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गढ़ीपुरा स्थित 125 साल पुराने पट्टाभिराम मंदिर में शुक्रवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नारदीय परंपरा के अनुसार हरी कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें रामलला के जन्म से लेकर वनवास और राज्याभिषेक तक की कथा का सजीव चित्रण किया गया।

महाराष्ट्र के पुणे से आईं कीर्तनकार अवंतिका साठे ने नारदीय शैली में भगवान के रामजन्मोत्सव का वर्णन किया। ठीक दोपहर 12 बजे भगवान राम का जन्म होते ही भक्तों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए और राम जन्म की स्तुति की। मंदिर के पट खुलने के बाद भक्तों ने भगवान के बाल रूप के दर्शन किए। पुजारियों ने भगवान के बाल रूप को माता कौशल्या के रूप में बैठी महिला की गोदी में रखा, जिसके बाद उन्हें फूलों से सजे पालने में विराजमान किया गया।

जन्मोत्सव में शामिल भक्तों ने भगवान के बाल रूप को पालने में झुलाकर आनंद लिया और बाद में प्रसादी वितरित की गई। यह मंदिर गुरु गोंदवलेकर महाराज से संबंधित है और अपनी प्राचीन राजस्थानी शैली के लिए जाना जाता है। इस जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए इंदौर, भोपाल के साथ-साथ महाराष्ट्र से भी भक्त हर साल हरदा आते हैं। नारदीय परंपरा में कीर्तन गद्य और पद्य दोनों में होता है। इसमें भगवान रामचंद्र जी के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की कथा को पहले गद्य में और फिर उसके हिंदी अनुवाद के साथ पद्य में प्रस्तुत किया जाता है। मंदिर समिति के सदस्य दिलीप गोड़बोले ने बताया कि यह भजन की एक विशेष शैली है, जिसमें कथा कहते हुए उसे पद्य में गाया जाता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस प्राचीन परंपरा के कीर्तनकार अब बहुत कम बचे हैं।

# बिजली कंपनी का वसूली अभियान, 28 डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के वाहन जब्त

## बिजली बिल बकाया होने पर ट्रैक्टर जब्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी ने बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए गांवों में सख्त अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत बिल जमा न करने वाले किसानों और ग्रामीणों के वाहन जब्त किए जा रहे हैं। कंपनी के कर्मचारी गनमैन के साथ गांवों में पहुंचकर कार्रवाई कर रहे हैं।

हाल ही में ग्राम बिलकिसगंज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। इस वीडियो में विद्युत कंपनी के 6-7 कर्मचारी गनमैन के साथ एक किसान के घर पहुंचे और मुश्किल से 5 मिनट के अंदर उसका ट्रैक्टर जब्त कर ले गए। किसान पर हजारों रुपये का बिजली बिल बकाया था, जिसका भुगतान न होने पर यह कार्रवाई की गई। इसी प्रकार, बिलकिसगंज वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम पाटनी, रालावती, हीरापुर, उल्झावन और भोजनगर में भी बकाया राशि के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई।

उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बकाया राशि की वसूली हेतु यह सख्त एवं आक्रामक अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यवाही के दौरान अब तक 28 डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के वाहन जब्त किए गए हैं। इन उपभोक्ताओं पर लगभग 34 लाख रुपये की बकाया राशि थी। जब्त किए गए वाहनों में ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल और अन्य सामान शामिल हैं। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बकाया बिलों का भुगतान समय पर करें।

## सवा चार करोड़ से बनाया जाएगा क्रिकेट स्टेडियम, दिशा निर्देश जारी

# इछावर बाइपास रोड पर 6 एकड़ में होगा निर्माण कार्य, नपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



क्षेत्र में अनेक खिलाड़ी ऐसे है जिन्होंने क्षेत्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। शहर में फुटबॉल आदि का मैदान है, लेकिन क्रिकेट का बीएसआई के अलावा कोई भी आधुनिक मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास करने का मौका नहीं मिलता है। वहीं इसके निर्माण के साथ ही खेल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

क्रिकेटरों को 2027 से पहले आधुनिक स्टेडियम की सौगात मिलने वाली है। इसके लिए इछावर बाइपास रोड पर रेशम केन्द्र के पास तेजी से स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा होने जा रहा है। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार, इंजीनियर विजय कोली के अलावा अन्य पार्षदों ने निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयसीमा में कराए जाने की बात कही।

शहर में खिलाड़ियों के खेलने के लिए स्टेडियम की सुविधा देने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने इछावर बाइपास रोड रेशम केन्द्र के पास करीब चार करोड़ 16 लाख की लागत से छह एकड़ क्षेत्र में बनाए जाने वाले आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर यहां पर उपस्थित अमले ने बताया कि खेल मैदान की बाउंड्री का 80 प्रतिशत और बिल्डिंग का 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। 2027 से खिलाड़ियों को सौगात मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

करीब छह एकड़ क्षेत्र में बनाए जाने वाले क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए निर्माण कार्य किए जाऐंगे। खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था भी स्टेडियम में रहेगी। शहर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इन खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं से लेस स्टेडियम शीघ्र ही निर्मित हो जाएगा। सवा चार करोड़ रुपए से अधिक से बनाए जाने वाले स्टेडियम स्थल का निरीक्षण गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि राजधानी भोपाल में आधुनिक स्टेडियम है, उसी की तर्ज पर इस स्टेडियम का निर्माण कार्य किया जाएगा। यहां पर पिचों का निर्माण के साथ आधुनिक मशीनों के द्वारा खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियों से अवगत किया जाएगा। करोड़ों रुपए की लागत से बनाए जाने वाले स्टेडियम में मैदान पर घास व पानी की व्यवस्था कर मैदान बनाया जाएगा।